# छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड

**प्रधान कार्यालयः ऑफिस कैम्पस, ब्लॉक 7 (A)सेक्टर–24, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**
**CIN - U01135CT2001SGC014669, Website-http://rvvn.cgstate.gov.in,**
**E-mail- vanvikasnigam@yahoo.com GSTN - 22AACCC2857LAZF**


क्र. / वविनि / 03 / 2022 / 510 नवा रायपुर / दिनांक....6.... / 05 / 2022

## विज्ञप्ति

**विषयः–** **छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम में क्षेत्ररक्षक की सीधी भर्ती में चयन हेतु शारीरिक मापदण्ड / नापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के संबंध में ।**

–00–

विषयांतर्गत, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लि. नवा रायपुर में क्षेत्ररक्षक पद पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन दिनांक 29.10.2021 के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा दिनांक 19.12.2021 को आयोजित परीक्षा का परिणाम सी.जी. व्यापम के वेब साइट पर अपलोड किया गया है । उक्त परीक्षा परिणाम के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम द्वारा शारीरिक मापदण्ड / नापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों (Shortlisted Candidates) की सूची एवं क्षेत्ररक्षक के पद पर सीधी भर्ती हेतु भर्ती नियम एवं चयन प्रक्रिया की नियमावली भी वन विकास निगम के वेबसाइट rvvn.cgstate.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है ।

चयन सूची के आधार पर क्षेत्ररक्षक की भर्ती में द्वितीय चरण परीक्षा में परीक्षा शारीरिक मापदण्ड / नापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 23.05.2022 एवं 24.05.2022 को **स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कोटा रायपुर** में आयोजित होगी । परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम निम्नानुसार है –

1. अभ्यर्थी शारीरिक मापदण्ड / नापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु दिनांक 23.05.2022 को प्रातः 08:00 बजे **स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कोटा रायपुर** में उपस्थित होवें।
2. **स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कोटा रायपुर** में प्रातः 08:00 बजे से क्षेत्ररक्षक पद पर सीधी भर्ती हेतु उनके मूल प्रमाण पत्रों की जाँच की जावेगी। अभ्यर्थी स्थायी निवास, आयु, शैक्षणिक अर्हता, जाति, आय, नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अभ्यर्थी के संबंध में अन्य प्रमाण पत्र जो भी लागू हो उनके मूल अभिलेख अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगें । मूल अभिलेख की 02 स्व–सत्यापित छायाप्रति लावें।
3. शारीरिक दक्षता परीक्षा में दौड़, लंबी कूद, एवं गोला फेक स्पर्धा आयोजित होगी । इसके लिए अभ्यर्थी उपयुक्त ड्रेस एवं स्पोटर्स शू पहन कर आवें ।
4. शारीरिक दक्षता परीक्षा 100 अंकों की होगी । अंको का विस्तृत विवरण क्षेत्ररक्षक भर्ती नियम एवं चयन प्रक्रिया में दर्शित है । इसका भली भांति अवलोकन कर लें ।
5. अभ्यर्थी अपने साथ व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र, आधार कार्ड की प्रति एवं 02 नवीनतम पासपोर्ट साईज कलर फोटोग्राफ लेकर आवें
6. अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा जा रहा है, शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु संलग्न चयन सूची अनुसार यदि किसी अभ्यर्थी को बुलावा पत्र प्राप्त नहीं होता है, तब भी वे उपरोक्तानुसार उपस्थित होवें ।

**छ.ग. राज्य वन विकास निगम**

**प्रबंध संचालक**